# —: कार्यालय :—

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206


पत्रांक......................../लातेहार, दिनांक................................/

सेवा में,

महाप्रबंधक (कोल माईनिंग),
पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लि0 पतरातू,
पो0–PTPS पतरातू, जिला–रामगढ (829119)।

विषय :– बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक PVUNL/BAN/DFO/FC/31-142 दिनांक 13.01.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु 549.48 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव आपका पत्रांक PVUNL/BAN/DFO/FC/31-142 दिनांक 13.01.2022 द्वारा प्राप्त है एवं Parivesh Portal पर दिनांक 21.01.2022 को प्राप्त है। आपके द्वारा समर्पित वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव निर्धारित Checklist (छायाप्रति संलग्न) के अनुरूप नही है। समर्पित प्रस्ताव में निम्नांकित त्रुटियाँ/कमियाँ में सुधार की आवश्यकता है :–

01. वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र। (Checklist Sl. No.-14)
02. जंगल–झाड़ी अनापत्ति प्रमाण पत्र (GM-JJ NOC)
03. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति। (Checklist Sl. No.-24)
04. Rehabilitation & Resettelment Plan approved by competent authority. (Checklist Sl. No.-26)
05. वृक्षों की सम्पूर्ण गणना सूची (Species-wise and girth class-wise enumeration list and abstract of trees) (Checklist Sl. No.-15)
06. समर्पित CS Map में ग्राम–बारी, सुरली, टोटा, सबानो एवं बनहरदी में वन भूमि को सही से चिन्हित नहीं किया गया है।
07. प्रस्ताव के Part-I, Form-A एवं समर्पित लैण्ड शिड्यूल के रकबा में भिन्नता। (Checklist Sl. No.-3)
08. SoI Toposheet में अपयोजित होनेवाले वन भूमि को सही से दर्शाया नही गया है। (Checklist Sl. No.-5)
09. Prescribed Format में अपयोजित होनेवाली वन भूमि एवं गैर वन भूमि की सम्पूर्ण विवरणी। (Checklist Sl. No.-7 & 8)
10. Certificate for minimum use of forest land. (Checklist Sl. No.-11)
11. Additional NPV की राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता पत्र। (Checklist Sl. No.-13)

—: कार्यालय :—
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206

12. Prescribed Format में CS & RS संबंधित प्रमाण पत्र (प्रपत्र–1)।

13. क्षतिपूरक वृक्षारोपण संबंधित विवरणी (यथा– DGPS Map, Cadastral Map, KML File in hard copy and soft copy) (Checklist Sl. No.-17 & 18)

14. अपयोजित होनेवाली वन भूमि के Geo referenced map (KML File) का सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 830 दिनांक 19.07.2021 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में निम्नांकित निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय :–

01. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित Land Schedule जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापित किया जाता है, कि हस्ताक्षरित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

02. वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

03. प्रस्ताव के साथ समर्पित CA, NPV, Additional NPV की राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता प्रमाण–पत्र को Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

04. प्रस्ताव के साथ समर्पित (Joint) Tree enumeration list में कुल enumerated प्रजातिवार वृक्षों की संख्या तथा उनमें से कितने वृक्षों का पातन अनिवार्य रूप से किया जाना है, की संख्या प्रतिवेदित होना आवश्यक है। इससे संबंधित गणना सूची की सत्यापित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

05. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भरे जाने वाले Form-A, Part-I जिनपर प्रयोक्ता अभिकरण का नाम, पदनाम एवं तिथियुक्त हस्ताक्षर अंकित रहता है को Parivesh Portal पर Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

06. समर्पित प्रस्ताव के प्रत्येक पृष्ठ पर नाम, पदनाम, तिथियुक्त हस्ताक्षर एवं मोहर अंकित करना सुनिश्चित किया जाय।

अतः संलग्न Checklist के आधार पर उपरोक्त पायी गयी त्रुटियों/कमियों का निराकरण कर, Layout Plan of project site approved by competent authority (Checklist Sl. No.-6) के साथ आठ प्रतियों में इस कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन,
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

# —: कार्यालय :—
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206

ज्ञापांक 221 / दिनांक 08/02/2022

प्रतिलिपि :— 01 वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।
02 क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।
03 प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉची को सूचनार्थ समर्पित।

8-2-22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।
08/02/2022